कार्यालय प्राचार्य
सेठ आर.सी.एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग)
Email: rcscollege1964@gmail.com, Phone: 0788-2322457

दुर्ग, दिनांक 10.08.2021

प्रेस विज्ञप्ति

सुराना महाविद्यालय में काफ्टींग योर कैरियर एंव जीडी/पीआई टिप्स पर वेबीनार का आयोजन

दुर्ग. सेठ आर. सी. एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग में वाणिज्य विभाग की ओर से काफ्टींग योर कैरियर एंव जीडी/पीआई टिप्स पर एक दिवसीय वेबीनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता श्री संजय अशाटकर आई.सी.एफ.ए.आई बिजनेस स्कूल एंव मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला शिक्षण समिति दुर्ग श्री प्रवीण चन्द्र जी थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य श्री डी. आर. भावनानी जी द्वारा स्वागत भाषण व आर्शिवचन प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि प्रवीण चन्द्र तिवारी द्वारा छात्र–छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए विषय की उपयोगिता और भविष्य में उसका प्रभाव बताते हुए छात्रों का मार्ग दर्शन किया गया। प्रमुख वक्ता श्री संजय अशाटकर ने अपने उद्‌बोधन में कैरियर के बारे में बताया कि कहाँ–कहाँ रोजगार के अवसर है एंव व्यक्तित्व विकास की चर्चा करते हुए कोविड–19 ने किस प्रकार हमारे व्यापार एंव अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया और आप किस तरह इस आपदा में रोजगार की सम्भावनाओं को तलाश सकते हैं। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जी. एन. कटहरे ने कहा कि हम अपने भविष्य में किस प्रकार रोजगार का चुनाव कर भविष्य मे आत्मसात कर सकते हैं। कार्यक्रम में लगभग 300 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। वाणिज्य विभाग के प्राध्यापिका श्रीमती निधि मिश्रा ने प्रमुख वक्ता का परिचय दिया और श्रीमती पवनदीप कौर ने कार्यक्रम का संचालन किया। आभार प्रदर्शन वाणिज्य विभाग के प्राध्यापिका डॉ. रानी शुक्ला ने किया।

प्राचार्य
Principal
Seth R.C.S. Arts & Comm.
College Durg (C.G.)

प्रति
ब्यूरो प्रमुख
दैनिक ....
में सादर प्रकाशनार्थ प्रेषित।